लोकनिर्माण विभाग के सेवानिवृत इंजीनियर सतीश गुप्ता का निधन



बुरहानपुर। बुरहानपुर के प्रमुख समाचार पत्र विक्रेता स्व.श्री ठाकुरदास गुप्ता के बड़े पुत्र एवं नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना के चीफ इंजीनियर मनोज गुप्ता के पिताजी श्री सतीशचंद्र गुप्ता रिटायर अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग का 85 वर्ष की आयु में रविवार दिनांक 7 एवं 8 नवम्बर 2026 की मध्यरात्रि में आपका दुरूखद निधन हो गया। अंतिम यात्रा में पूर्व विधायक ठा. सुरेन्द्रसिंह, विसालड समाज के अध्यक्ष अतुल लाड, भाजपा नेता मुकेश तारवाला एवं समाजजन सम्मिलित थे। शोक सभा में श्री सतीश गुजराती, समाज के सचिव संजय शाह ने स्व.गुप्ता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री लाड क्षेत्रिय परिषद ,श्री वृहद गुजराती समाज बुरहानपुर , कुलदेवी श्री रन्नादेवी माताजी सामूहिक कार्यक्रम समिति , श्री विश्व लाड परिषद मुंबई , अखिल भारत गुजराती समाज द्वारा भी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

गुमशुदा को देखकर परिवार के चेहरे पर आई मुस्कान, पुलिस ने मिलाया

बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे,नगर पुलिस अधीक्षक विनोद सिंह कुशवाह,एसडीओपी नेपानगर के मार्गदर्शन में गुमशुदा बालक बालिका महिला/पुरुष की दस्तयाबी के संबंध में विशेष अभियान चलाया



जा रहा है। फरियादी द्वारा थाना निंबोला पर उपस्थित होकर बताया कि मेरी लड़की दिनांक16/10/26 को बिना बताए घर से कहीं चली गई है जिसे आसपास एवं परिवार में तलाश करते कोई जानकारी नहीं मिली फरियादी की रिपोर्ट पर थाना निंबोला पर अपराध क्रमांक 3/26 गुमशुद इंसान क्रमांक 53/26 का कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी निंबोला श्री अजय सिंह चौहान एवं चौकी प्रभारी धूलकोट कमल मोरे द्वारा टीम गठित कर टीम में प्रधान आरक्षक 396 अनिल कटारे द्वारा महिला को दिनांक 10/11/26 को दस्तयाब कर कथन लेख किए गए कथन में महिला द्वारा बताया कि मैं अपनी राजी मर्जी से शादी की है अब मेरे पति के साथ ही रहूंगी, जिसे उसे उसके पति के सुपर्द किया गया।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

बुरहानपुर। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री विवेक कुमार ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आवेदकों से चर्चा कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर



आवश्यक कार्यवाही कर उचित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े अधिकारियों से भी प्राप्त शिकायतों के बारे में जानकारी ली और उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में देरी न हो और सभी आवेदन पत्रों पर गंभीरता से कार्यवाही की जाए। जनसुनवाई में शिक्षाए पेंशनए खाद्यए नगर निगमए राजस्वए पंचायत सहित अन्य विभागों से संबंधित करीबन 36 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्री सुजन वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विदित है कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसमें आम नागरिक अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रख सकते हैं।

अंडरपास और तीसरी-चौथी रेल लाइन का संयुक्त निरीक्षण

विकास की दिशा में बढ़े कदम : सांसद की लगातार पहल से शिवाजी नगर अंडरपास की प्रक्रिया में तेजी, रेलवे के वरिष्ठ इंजीनियरों ने किया स्थल परीक्षण



बुरहानपुर। लालबाग क्षेत्र के शिवाजी नगर और चिंचाला के 20 हजार से अधिक रहवासियों की करीब एक दशक पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में रेलवे स्तर पर गतिविधियां तेज हो गई हैं। शिवाजी नगर अंडरपास निर्माण के साथ ही प्रस्तावित तीसरी और चौथी रेलवे लाइन तथा बुरहानपुर रेलवे स्टेशन के विस्तार को लेकर मंगलवार को रेलवे और जिला प्रशासन की टीम ने संयुक्त रूप से विस्तृत निरीक्षण किया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटीलए महापौर माधुरी अतुल पटेलएपूर्व। महापौर अतुल पटेल,कलेक्टर विवेक कुमार,डीआरयूसीसी सदस्य पंकज नाटानी,निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुए इस निरीक्षण में रेलवे के उप मुख्य अभियंता निर्माण जेडी सिंग एवं मध्य रेलवे के सहायक मंडल अभियंता एच.ओ.मीना रेलवे इंजीनियरों की टीम के साथ उपस्थित रहे। जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी निरीक्षण में शामिल रहे।

अंडरपास के साथ तीसरी,चौथी रेल लाइन और स्टेशन विस्तार का भी परीक्षण- संयुक्त निरीक्षण के दौरान शिवाजी नगर में प्रस्तावित अंडरपास निर्माण की संभावनाओं के साथ तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के प्रस्तावित मार्ग का भी बारीकी से परीक्षण किया गया। रेलवे लाइन कहां से गुजरेगी, उसके दायरे में कौन.कौन से मकान और निर्माण आ रहे हैं,स्टेशन का विस्तार किस प्रकार होगा तथा प्लेटफॉर्म की लंबाई और विस्तार की संभावनाएं क्या रहेंगी, इन सभी पहलुओं का मौके पर जायजा लिया गया। रेलवे इंजीनियरों ने स्थल की नपती कर तकनीकी जानकारियां जुटाईं और संबंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

आम नागरिकों की सुविधा सर्वोपरि, प्रभावित परिवारों के हितों का भी रखें ध्यान दू सांसद- निरीक्षण के दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने रेलवे अधिकारियों के समक्ष स्पष्ट रूप से कहा कि विकास कार्यों में आम नागरिकों की सुविधा और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। तीसरी.चौथी रेल लाइन और स्टेशन विस्तार के दौरान यह विशेष ध्यान रखा जाए कि किसी भी नागरिक को अनावश्यक नुकसान न हो। यदि परियोजना के दायरे में किसी का मकान या संपत्ति प्रभावित होती है तो संबंधित परिवारों के हितों का पूरा ध्यान रखते हुए नियमानुसार उचित आर्थिक मुआवजे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि रेलवे का विकास आवश्यक है, लेकिन इसके साथ आमजन की सुविधा और प्रभावित परिवारों के हितों का संतुलन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय हैं कि शिवाजी नगर रेलवे क्रॉसिंग की समस्या के समाधान के लिए सांसद ज्ञानेश्वर पाटील लगातार प्रयासरत रहे हैं। उन्होंने भुसावल और नागपुर में आयोजित रेलवे बोर्ड की बैठकों में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए 20 हजार से अधिक नागरिकों की परेशानी से रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया था। इसके बाद 27 अक्टूबर को भुसावल मंडल के डीआरएम पुनीत अग्रवाल ने सांसद के साथ मौके का निरीक्षण किया। 28 अक्टूबर को रेलवे इंजीनियरिंग टीम ने प्रारंभिक नपती एवं तकनीकी परीक्षण किया तथा 30 अक्टूबर को सहायक मंडल अभियंता एच.ओ.मीना ने टीम के साथ पुनरू स्थल का निरीक्षण किया था।

अंडरपास बनने से हजारों रहवासियों को मिलेगी राहत- करीब एक दशक से रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण शिवाजी नगर और चिंचाला के रहवासीओ को परेशानी हो रही हैं। वर्तमान में नागरिकों को चिंचाला की और रेलवे पुलिया के नीचे से होकर गुजरना पड़ता है। बारिश के दौरान पांढारोल नाले में पानी बढ़ने से यह रास्ता भी बंद हो जाता है। आपातकालीन परिस्थितियों में फायर ब्रिगेड और बड़े वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होती है। अंडरपास बनने से नागरिकों को आवागमन का सुगम और सुरक्षित विकल्प मिल सकेगा। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य अनिल राठौर,मनोज टंडन,भाजपा के वरिष्ठ नेता वामन मोटे, राजू पाटीदार, दिलीप दिवेकर, जोतिबा धड़स, विजय कार्ले,रवि गावड़े, किरण सलगर, दिनेश जाधव,अश्विन मोटे, पंकज पवार, पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र सुरवाड़े, योगेश ठोंबरे, मनोहर महाराज, भीका वाणी, सुधीर ठोंबरे, मनोज वाघमारे, रेलवे स्टेशन प्रबंधक विनय मेहता, मुख्य कार्यालय अधीक्षक पुष्पेंद्र कापड़े सहित अन्य उपस्थित रहे।

युवक अंदर फंसा दमकल की सीढ़ी से निकाला बाहर, आसपास की चार दुकानें खाली कराईं

इलेक्ट्रिकल्स शोरूम में आग

पौने दो करोड़ का सामान खाक,10 लाख नकद भी जले



बुरहानपुर। बुरहानपुर के सुभाष चौक स्थित पुलिस कंट्रोल रूम के सामने सुपर इलेक्ट्रिकल्स शोरूम में रविवार रात करीब 10 से 11 बजे के दरम्यान भिषण आग लग गई। नगर निगम का अमला सूचना पर तत्काल पहुचा और आग पर काबु पाने के प्रयास किए जाने लगे ,भिषण आग को देखते हुवे शाहपुर,नेपानगर के अग्निशमन एवं टेंन्करों से भी आग पर काबु पाने का प्रयास निरंतर चलता रहा। मौके पर जिला कलेक्टर विनोद कुमार,एवं पुलिस अधिक्षक आशुतोष बागरी एवं निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव के साथ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एंव स्थानिय विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस भी मौके पर पहुची और अधिकारीयों से चर्चा कर हरसंभव प्रयास करने की बात कही। इस शौरूम के उपर निवासरत संचालक विनोद शंखपाल के भाई सहित परिवार के 16 सदस्य रहते थे। किसी भी प्रकार की जनहानी नही हुई है।

इस आग की चपेट में शौरूम एवं गौडाउन का सभी इलेक्ट्रिकल्य सामान जलकर खाक हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से आस-पास के रहवासी एवं दुकानो को भी खाली करवाया गया था। शौरूम संचालक विनोद शंखपाल के अनुसार लगभग पौने दो करोड का नुकसान बताया जा रहा है। आग में काफी नगद भी जलजाने की बात कही जा रही है। आपने बताया दिवाली होने से रात्री दुकान बंद कर ,कर्मचारीयो को मिठाई एवं गिफट देकर वे महालक्ष्मी पुजन के लिए उपर घर चले गए थे। पुजन पश्चात फटाके फोडने की बच्चों की जिद के चलते शोरूम के ऊपर रह रहा परिवार बाहर ही था। आग लगने की सूचना पर तत्काल निगम को सूचना दी और आग बुझाने का प्रयास किए जाने लगे ,किन्तु इलेक्ट्रिक सामन होने के कारण वह फैलती गई औ तीन मंजिला मकान पुरी तरह चपेट में आ गया। एक बालक आग लगने पर उपर गया था कि कोई उपर है तो नही वह बडती आग के कारण उपर ही अटक गया था जिसे स्थानीय लोगों ने दमकल की सीढ़ी से बाहर निकाला। आग लगने की वजह पता नहीं चल सकी है। शोरूम विनोद शंखपाल का है, जहां टीवी और इलेक्ट्रिक सामान मिलता है। सूचना मिलने पर नगर निगम की दमकल टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में मदद की। पुलिस ने आसपास की 4 दुकानों को खाली कराया। आग पड़ोस के एक मकान तक भी पहुंच गई थी। मौके पर मौजूद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। जिसमे सुबह हो गयी थी।

आग से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचीं विधायक, सहायता का भरोसा



बुरहानपुर। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धुलकोट के ग्राम पिपराणा स्थित चिरौंजी माल फाल्या में कल शाम अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग से पांच मकान प्रभावित हुए। घटना की जानकारी मिलने पर सोमवार को विधायक मंजू दादू प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचीं। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। विधायक ने संबंधित तहसीलदार को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए आग से प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द नियमानुसार राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को इस कठिन समय में आवश्यक सहायता मिले,इसके लिए प्रशासन प्राथमिकता से कार्यवाही सुनिश्चित करे। इस दौरान तहसीलदार, मंडल अध्यक्ष राजेश चारण, महामंत्री मनोज दांगोडे, विकेश किराड़े, लोकेंद्र सेन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

शराब के माफियाओ पर भाजपा सरकार का संरक्षण , ईमानदार हैं तो शराब बंदी करे- रघुवंशी



बुरहानपुर। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव और इंदौर के कांग्रेस प्रभारी श्री अजयसिंह रघुवंशी ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की पुरे प्रदेश मै भाजपाई नेताओं के ठेकेदार ही असली माफिया बने हैं, जो एक ठेके के नाम पर कई जिलों मै अवैध शराब का कारोबार करते हैं बिना सरकार के कोई भी ठेकेदार यहां शराब के ठेके नहीं ले सकता फिर चाहे वह किसी भी पार्टी का व्यक्ति हो, सरकार के बड़े नेता खुद माफिया बने हैं ये किसी से छिपा नहीं हैं। श्री रघुवंशी ने कहा की सरकार की नियत इतनी ही साफ हैं और वह जनता की भलाई ही चाहती हैं तो पुरे प्रदेश मै शराब बंदी लागु करे कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी रहेगी। किन्तु भाजपा ऐसा कभी नहीं करेगी क्युकी उनकी कथनी और करनी मै काफ़ी अंतर हैं,वह जनता की सेवा नहीं बल्कि उनका खून चूसने आई हैं, श्री रघुवंशी ने प्रदेश मै पूर्ण शराब बंदी की मांग की हैं।

प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा 20 दिसंबर को

बुरहानपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा 20 दिसंबर को शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी। मंडल के सचिव श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि परीक्षा सुबह 11 बजे से प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर निर्धारित परीक्षा केंद्रों में होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के संबंध में अलग से विस्तृत दिशा.निर्देश जारी किए जाएंगे।

मां लक्ष्मी के चित्रों का अपमान न करें, मां ताप्ती को भी गंदा न करें!

धार्मिक आस्था का सम्मान करेंए नदी की पवित्रता बनाए रखें रू ताप्ती सेवा समिति



बुरहानपुर। दीपावली के पश्चात बड़ी संख्या में लोग पूजा में उपयोग किए गए देवी.देवताओं के चित्र एवं धार्मिक सामग्री को नदी किनारे रखकर चले जाते हैं। विशेष रूप से माँ लक्ष्मी एवं अन्य देवी.देवताओं के चित्रों को माँ ताप्ती के घाटों पर छोड़ दिया जाता है। इससे न केवल धार्मिक चित्रों का अपमान होता हैए बल्कि धार्मिक भावनाएँ भी आहत होती हैं। साथ ही राजघाट एवं ताप्ती नदी के तट पर गंदगी फैलती है।

इसी विषय को लेकर ताप्ती सेवा समितिए बुरहानपुर द्वारा राजघाट पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए आम नागरिकों से अपील की गई कि धार्मिक आस्था के साथ.साथ माँ ताप्ती की पवित्रता और स्वच्छता का भी ध्यान रखें। समिति ने सुझाव दिया कि पूजा.पाठ में ऐसी सामग्री का उपयोग किया जाएए जिसका प्राकृतिक रूप से जल में विसर्जन या सुरक्षित निस्तारण संभव हो। पूर्व में दीपावली पर गते पर लगाए जाने वाले माता के मुद्रित चित्रों जैसे विकल्पों के स्थान पर भी पर्यावरण अनुकूल एवं आसानी से निस्तारित होने वाली सामग्री को प्राथमिकता दें। समिति ने कहा कि भगवान के चित्रों को नदी किनारे छोड़ देना न तो हमारी आस्था के अनुरूप है और न ही प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी के। धार्मिक चित्रों को सम्मानपूर्वक सुरक्षित रखें अथवा उनका उचित निस्तारण करें। पूजा की सामग्री,प्लास्टिक, पन्नी एवं अन्य कचरा नदी या घाट पर न छोड़ें। माँ ताप्ती केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार हैं। उनकी स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। समिति की आमजन से अपील है कि धर्म के प्रति श्रद्धा और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दें। हमारी पूजा से किसी की धार्मिक भावना आहत न हो और हमारी आस्था के कारण माँ ताप्ती का आँचल भी मैला न हो। इस कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष श्रीमती सरिता भगत, कविता चौहान ,सचिव धर्मेंद्र सोनी ,वरिष्ठ डॉक्टर युसूफ खान ,राजेश अग्रवाल, पुनीत साकले, राजकुमार बचवानी, विनय पुनिवाला ,विवेक हकीम, राजेश भगत आदि लोग मौजूद थे।

गुजराती समाज का 3 दिवसीय गरबा रास शुरू, समाजजन के साथ सांसद ने भी खेला गरबा





बुरहानपुर। सकल पंच गुजराती मोड़ वणिक समाज की ओर से शनवारा स्थित समाज की वाड़ी में 9 नवंबर से तीन दिवसीय गरबा रास का आयोजन शुरू हुआए जिसमें खंडवा संसदीय सीट से सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल मुख्य अतिथि के बतौर शामिल हुए। उन्होंने समाजजन के साथ गरबा भी खेला। दरअसल हर साल गुजराती समाज द्वारा दीपावली के बाद तीन दिवसीय गरबा रास उत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमें देश विदेश से समाजजन शामिल होते हैं। गुजराती समाज के लोग अलग अलग शहरों में बसे हुए हैं। सभी दीपावली पर बुरहानपुर पहुंचते हैं और समाज द्वारा तीन दिवसीय गरबा उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस साल भी गुजरात, महाराष्ट्र मुंबई, अहमदाबाद, इंदौर, उज्जैन, जलगांव सहित अन्य शहरों और विदेश से भी समाज के लोग बुरहानपुर पहुंचे। 3 दिवसीय उत्सव के पहले दिन सोमवार रात काफी संख्या में समाज के पुरुष महिलाओं ने गरबा रास में भाग लिया।

इस दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा यह गरबा हमारी संस्कृति, सनातन का हिस्सा है। गरबा रास के माध्यम से माता रानी को प्रसन्न करने का काम करते हैं। इसी प्रकार हमें अपनी संस्कृति,सनातन को आगे बढ़ाना है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम एकता का परिचय भी देते हैं। समाज अध्यक्ष रमेश मोतीलाल दलाल ने बताया सोमवार 9 नवंबर से गरबा रास का आयोजन शुरू हुआ। यह तीन दिन के लिए है। इस दौरान समाजजन ने उत्साह के साथ गरबा खेला। प्रतिदिन जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अफसर मुख्य अतिथि के बतौर शामिल होंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश मोतीलाल दलाल,उपाध्यक्ष सतीशचंद्र गणपतदास शाह,सचिव उपेंद्रनाथ ठाकुरदास गुजराथी, सह सचिव सुनीता बेन अशोक शाह, जितेंद्र रतिलाल दलाल, ललित पूनमचंद शाह, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल सदानंद शाह, मीडिया प्रभारी धन्नालाल अमृतलाल दलाल आदि मौजूद रहे।